अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 भारत का रुख कैसा है ये दिख रहा है...ठंडे दिमाग से...
6 सुमित नागल ने आस्ट्रेलियन ओपन में रचा इतिहास...
7 प्रदेश के सभी जिलों को एयर एंबुलेंस सुविधा दिलाने के लिए होगी पहल...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-51 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 16 जनवरी से 22 जनवरी 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने धार्मिक स्थलों पर की सफाई, प्राण प्रतिष्ठा के दिन तक चलेगा अभियान

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में मंगलवार को हरियाणा के पानीपत स्थित ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपत की दरगाह पर सफाई अभियान चलाया गया।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में मंगलवार को हरियाणा के पानीपत स्थित ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपत की दरगाह पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सफाई अभियान चलाया। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' का आयोजन है। इस दिन तक मुस्लिमों के धार्मिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाएगा।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सैयद यासिर जिलानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया था कि प्रभु श्रीराम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के अवसर पर सभी धार्मिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाए।

अल्पसंख्यक मोर्चा ने दरगाह पर चलाया सफाई अभियान

प्रधानमंत्री के इसी आह्वान पर जमाल सिद्दीकी ने अल्पसंख्यक मोर्चा की केंद्रीय टोली के साथ पानीपत स्थित दरगाह पर सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर जमाल सिद्दीकी ने कहा कि जिस प्रकार ईद के मौके हम अपने घरों की सफाई करते हैं, उसी प्रकार प्रभु श्रीराम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के अवसर पर हम अपने धार्मिक स्थलों को भी साफ करेंगे और उन सभी स्थलों को सजाएंगे भी। उस दिन पूरे देश में दिवाली मनाई जाएगी।

### भारत में रह रहे 140 करोड़ भारतीयों के आराध्य हैं प्रभु श्रीराम

जिलानी ने बताया कि प्रभु श्रीराम केवल हिंदुओं के अराध्य नहीं बल्कि भारत में रह रहे 140 करोड़ भारतीयों के भी आराध्य हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर हम प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने धार्मिक स्थलों को इस प्रकार सजाएंगे कि इस दिवाली की गूंज पूरे देश भर में जाएगी। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सूफी संवाद प्रभारी असलम, सह प्रभारी कमाल



बाबर खान, वरिष्ठ भाजपा नेता शहजाद अली एवं दिल्ली युवा मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कायम मेहदी उपस्थित रहे।

दरअसल, पीएम मोदी ने अपील की थी कि 'प्राण प्रतिष्ठा' के आयोजन पर सभी लोग अपने आस-पास के धार्मिक स्थलों की सफाई करें। इसके बाद कई पार्टी के नेताओं ने धार्मिक स्थलों की सफाई की थी।



## खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने पंजाब CM मान को दी जान से मारने की धमकी, प्रधानमंत्री मोदी को दी यह बड़ी चुनौती

आतंकी पन्नू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में बिना सुरक्षा कवर के भाग लेने की चुनौती भी दी।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी खालिस्तानी समर्थक और सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी है। पन्नू ने गणतंत्र दिवस के मौके पर हमला करने की बात कही है। पन्नू ने गैंगस्टरों से कहा कि वे मान को गणतंत्र दिवस पर लुधियाना में तिरंगा फहराने की अनुमति न दें।

पन्नू की यह धमकी उस घटनाक्रम के कुछ हफ्ते बाद आई है, जब अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने एक भारतीय अधिकारी पर न्यूयॉर्क में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था।

प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक पन्नू ने एक वीडियो संदेश में यह धमकी दी। जहां उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में बिना सुरक्षा कवर के भाग लेने की चुनौती भी दी।

आतंकी पन्नू ने अपने वीडियो संदेश में कहा, 'मैं मोदी को चुनौती देता हूं, आप अपनी सुरक्षा के बिना दिल्ली आएं। यदि आप लोकप्रिय नेता हैं तो गणतंत्र दिवस पर बिना सुरक्षा के दिल्ली आएं। एसएफजे खालिस्तानी झंडा फहराएगा और शहीद निज्जर की हत्या का बदला लेगा।'

## जिस दिन अयोध्या में होगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, उसी दिन कोलकाता में बड़ा मार्च निकालेंगी ममता बनर्जी, खुद बताया पूरा प्लान



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को है। इसी दिन बंगाल में टीएमसी कई रैलियां निकालेगी।लोकसभा चुनाव 2024 से पहले होने जा रहे 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम के जरिए बीजेपी अन्य विपक्षी दलों पर एक मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने का प्रयास कर रही है। सभी दल बीजेपी को काउंटर करने के लिए अपनी-अपनी रणनीति बना रहे हैं। ममता बनर्जी की पार्टी ने प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन के लिए बड़ा प्लान बनाया है। ममता बनर्जी ने खुद इसकी जानकारी दी।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया, मैं 22 जनवरी को एक रैली निकालूंगी। यह काली मंदिर से शुरू होगी। यहां मैं मां काली की पूजा करूंगी।इसके बाद हम हजारा से पार्क सर्कस मैदान तक 'अंतरधार्मिक रैली' निकालेंगे। इस दौरान हम रास्ते में आने वाले मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे कवर करेंगे। सभी लोग इस रैली में शामिल हो सकते हैं।इसी दिन मेरी पार्टी के सदस्य हर जिले के हर ब्लॉक में दोपहर 3 बजे रैली निकालेंगे।

## गुजरात कोर्ट ने कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी समेत 31 लोगों को किया बरी

**11 जनवरी, 2017 को दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक, मेवाणी अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ ट्रेन के इंजन पर चढ़ गए थे और रेल ट्रैक पर लेटकर ट्रेन के मार्ग को बाधित कर दिया था।**



गुजरात कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी को अहमदाबाद मजिस्ट्रेट कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट मंगलवार को जिग्नेश और 30 अन्य को 2017 के एक मामले में बरी कर दिया है। 2017 में कांग्रेस विधायक समेत इन सभी पर गैरकानूनी तरीके से एकत्रित होने और अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन पर राजधानी ट्रेन को बाधित करने का आरोप था, ट्रेन नई दिल्ली जा रही थी।

मेवाणी और उनके तत्कालीन सहयोगी राकेश महेरिया और अहमदाबाद जिले के सरोदा गांव की 13 महिलाओं सहित 29 अन्य लोगों पर आईपीसी की धारा 143 (गैरकानूनी सभा), 147 (दंगा), 149 (सामान्य वस्तु गैरकानूनी सभा), 332 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया था।लोक सेवक को कर्तव्यों से रोकना) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के साथ-साथ रेलवे अधिनियम धारा 153 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

संपादकीय

**भारत और मालदीव के रिश्ते पर चीन का असर साफ दिख रहा है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीन की यात्रा के बाद जिस तरह से बयान दिया है उससे दोनों देशों के संबंधों की तल्खी को समझा जा सकता है। ऐसे में मालदीव को दोनों देशों के भविष्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आखिर मालदीव ने भारत को साफ-साफ कह दिया कि वह 15 मार्च तक अपनी सेना वहां से वापस बुला ले। यह बात दोनों पक्षों के उच्चस्तरीय कोर ग्रुप की रविवार को हुई बैठक में बताई गई। कोर ग्रुप की यह बैठक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के एक सप्ताह की चीन यात्रा से लौटने के ठीक बाद हुई।**

# भारत का रुख कैसा है ये दिख रहा है...ठंडे दिमाग से सोचे मालदीव, जानें आगे क्या होगा असर






संपादक-
गोपाल गावंडे

**मुइज्जू के तेवर**- चीन से लौटने के बाद शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुद मुइज्जू ने ऐसा बयान दिया, जिसे कूटनीतिक हलकों में असामान्य रूप से कड़ा माना गया। उन्होंने कहा कि हम छोटे देश हो सकते हैं, लेकिन उस वजह से किसी को हमें धौंस दिखाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। भले ही उन्होंने भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि उनका इशारा भारत की ओर था।

**अप्रिय विवाद** - कुछ ही समय पहले दोनों देशों के बीच एक अप्रिय विवाद हुआ था, जिसमें मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया एक्स (पुराना नाम ट्विटर) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भद्दे कॉमेंट किए थे। इस पर स्वाभाविक ही न सिर्फ भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई बल्कि भारतीयों की भावनाएं भी आहत हुईं। हालांकि मालदीव सरकार ने तीनों मंत्रियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की, लेकिन सोशल मीडिया पर ह्नबॉयकॉटमालदीव का ट्रेंड चल गया।

**राजनीतिक पहलू** -फिर भी मालदीव सरकार के ताजा रुख को इस विवाद का परिणाम मानना गलत होगाा। वहां काफी समय से इसकी पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी। पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में भी मुइज्जू ने भारतीय फौज की वापसी को बड़ा मुद्दा बनाया था।

**चीन की ओर झुकाव** - ऐसे में अगर वह चीन की ओर झुकने वाली नीति अपनाने की कोशिश कर रहे हैं तो आश्चर्य की बात नहीं है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने देश में भारत विरोधी माहौल बनाने वाला बयान दिया है। इससे लगता है कि उनका ध्यान वहां मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों पर केंद्रित है। हकीकत से दूर = किसी देश की विदेश नीति घरेलू राजनीति से निर्देशित होने लगे तो यह खतरा पैदा हो जाता है कि वहां दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित गौण पड़ने लगेंगे। जिस तरह से मुइज्जू तुर्किये से खाना और यूरोप व अमेरिका से दवाएं मंगाने की बात कर रहे हैं, उससे लगता है कि मालदीव की भू-राजनीतिक स्थिति की सचाइयों से उनका ध्यान या तो हट गया है या उन्होंने कुछ समय के लिए उस तरफ से आंखें बंद कर ली हैं। जल्दबाजी नहीं = तसल्ली की बात यह है कि भारत ने अपना संयत रुख कायम रखा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना अर्थपूर्ण है कि 'राजनीति तो राजनीति है।' साफ है, भारत जल्दबाजी में कदम उठाने से बचना चाहता है। वह मालदीव को वक्त देते हुए चलेगा ताकि चुनावी जरूरतें पूरी होने के बाद ठंडे माहौल में इत्मीनान से संबंधों को ठीक करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

राजनीति

# राम मंदिर को लेकर उलझा विपक्ष... अयोध्या पर कांग्रेस, केजरीवाल, अखिलेश सबका हाल एक जैसा



22 जनवरी के राम मंदिर उद्घाटन समारोह के बहिष्कार के बाद INDIA ब्लॉक के नेताओं की बेचैनी महसूस होने लगी है. बारी बारी सभी भक्ति मार्ग का रुख करने लगे हैं. अब तो अखिलेश यादव को भी न्योता मिलने की पुष्टि हो चुकी है. अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर उद्घाटन को लेकर अब तक सिर्फ ममता बनर्जी का ही सबसे कड़ा रुख देखने को मिला है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अयोध्या समारोह के बहिष्कार के ऐलान के बाद कांग्रेस ने भी अपना रुख साफ कर दिया था.

**ममता बनर्जी** के मुकाबले कांग्रेस का रुख थोड़ा नरम दिखाई पड़ा. कांग्रेस नेतृत्व ने सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे सहित किसी भी कांग्रेस नेता के अयोध्या न जाने की घोषणा करते हुए 22 जनवरी के न्योते को ससम्मान अस्वीकार कर दिया था, लेकिन राहुल गांधी ने इसमें संशोधन कर दिया है.

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कोहिमा में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस का नया स्टैंड बताया, जो भी वहां जाना चाहता है, वो जा सकता है... लेकिन हम उस दिन वहां नहीं जाएंगे... हमारी पार्टी से भी कोई वहां जा सकता है, लेकिन हम राजनीतिक इवेंट में नहीं जाएंगे.

राहुल गांधी का ये बयान यूपी कांग्रेस की तरफ से अयोध्या दर्शन का कार्यक्रम अचानक बना लिये जाने का बाद आया है. ममता बनर्जी को छोड़ दें, तो कांग्रेस सहित INDIA ब्लॉक के ज्यादातर राजनीतिक दलों के नेताओं का हाल एक जैसा ही लगता है - वोट बैंक के डर से आतुरता तो ऐसे दिखा रहे हैं जैसे सियासी लोक-लाज की परवाह न रहती तो सबके सब 22 जनवरी को अयोध्या में ही जगह जगह डेरा डाल कर कीर्तन कर रहे होते.

अयोध्या के कार्यक्रम को लेकर जो राजनीतिक माहौल बना हुआ है, विपक्षी खेमा बड़े ही मुश्किल दौर से गुजर रहा है. राम मंदिर निर्माण को लेकर बीजेपी के पक्ष में बनता जा रहा माहौल विपक्ष को काफी डराने लगा है. राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रसंग में जेडीयू नेता केसी त्यागी की भी समझाइश ऐसी ही रही कि कैसे गांव गांव तक मंदिर के पक्ष में माहौल बन चुका है, जिसमें बीजेपी से लड़ाई मुश्किल होती जा रही है. हालांकि, सारी तोहमत वो कांग्रेस नेतृत्व पर जड़ देते हैं, जिसमें नीतीश कुमार की भविष्य की योजनाओं को भी देखा और महसूस किया जा सकता है.

अब तो अखिलेश यादव भी स्वीकार कर चुके हैं कि उनको भी मंदिर समारोह का न्योता मिल गया है, और ये भी कह रहे हैं कि वो अयोध्या जाएंगे भी लेकिन समारोह के बाद. मायावती, ढ्ढह्लष्ठढ्ढ ब्लॉक से बाहर हैं, और उनका कहना है कि वो अयोध्या जा भी सकती हैं, अगर कोई और कार्यक्रम नहीं बना तो.

और अरविंद केजरीवाल तो पूरी दिल्ली में सुंदरकांड का पाठ ही कराने लगे हैं. चुनावों में तो अयोध्या घुमाने का वादा तो करते ही रहे हैं, अब अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि दिल्लीवासियों के कल्याण के लिए हर महीने सुंदरकांड का पाठ हो सके, ये सुनिश्चित किया जाएगा. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रोहिणी के मंदिर में पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लेने की भी घोषणा की है.

जैसे अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी के विरोध के लिए ये राजनीतिक तरीका अपनाया है, हर विपक्षी राजनीतिक पार्टी ऐसे ही कोई न कोई हथकंडा अपना कर अयोध्या से जुड़े रहना चाहती है.

**केजरीवाल का सुंदरकांड**-आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल की तरफ से हर महीने दिल्ली में सुंदरकांड का पाठ हो सके, ऐसे इंतजाम किये जा रहे हैं. दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज के मुताबिक पूरी दिल्ली में,क्क विधायक और पार्षद हर महीने सुंदरकांड का आयोजन करेंगे, और साथ में हनुमान चालीसा का भी पाठ होगा.

**सौरभ भारद्वाज** के मुताबिक, 16 जनवरी से शुरू होकर धीरे धीरे 2600 से ज्यादा जगहों पर सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम होंगे. पहले ये विधानसभा स्तर पर शुरू हो रहा है, फिर वार्ड और मंडल स्तर पर ऐसे आयोजन होंगे. सौरभ भारद्वाज कहा कहना है कि पहले भी आम आदमी पार्टी के कुछ विधायक अपने-अपने इलाके में सुंदरकांड का कार्यक्रम कराते रहे हैं, जबकि कुछ साथी मंगलवार को हनुमान चालीसा भी अपने-अपने क्षेत्रों में कराते रहे हैं. अब आम आदमी पार्टी ने तय किया है कि सुंदरकांड पाठ का पूरी दिल्ली में नियमित तौर पर कराया जाएगा.

**अरविंद केजरीवाल** के अयोध्या जाने को लेकर अब तक यही बताया गया है कि उनको अयोध्या के कार्यक्रम का न्योता नहीं मिला है. मुख्यमंत्री से अपनी पिछली सौरभ भारद्वाज कहते हैं, तब तक उनको राम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रण नहीं मिला था... उनके पास केवल एक पत्र आया था, जिसमें कहा गया था कि अपना समय ब्लॉक कर रखें.

**कांग्रेस का अयोध्याकांड**-अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मुद्दा ऐसा है, जिसे लेकर कांग्रेस नेतृत्व हमेशा ही बीजेपी नेताओं के निशाने पर रहा है. ऐसे में कांग्रेस के लिए कोई भी फैसला ले पाना मुश्किल भरा होता है. बीच बीच में कांग्रेस की तरफ से आकलन करने और फीडबैक लेने की भी कोशिश होती रही है. पिछले साल खबर आई थी कि कांग्रेस की तरफ से कुछ लोग अयोध्या जाकर राहुल गांधी के दौरे के लिए वस्तुस्थिति की पैमाइश कर रहे थे, लेकिन उससे ज्यादा कभी कुछ नहीं बताया गया.

22 जनवरी के कार्यक्रम का न्योता भेजे जाने की बात जब सार्वजनिक हो गई तो कांग्रेस को आधिकारिक रूप से स्वीकार करना पड़ा कि सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को बुलाया गया है. पहले तो कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सस्पेंस कायम करने की कोशिश की, ये बोल कर कि 22 जनवरी को सबको मालूम पड़ जाएगा. लेकिन जैसे ही ढ्ढह्लष्ठढ्ढ ब्लॉक की नेता ममता बनर्जी ने समारोह के बहिष्कार का स्टैंड ले लिया, और दबाव में आकर कांग्रेस को कहना पड़ा कि पार्टी न्योते को ससम्मान अस्वीकार करती है.

कांग्रेस का रुख साफ होने के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम जैसे यूपी के नेता ने दुख का इजहार कर दिया, और हिमाचल प्रदेश सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हर हाल में अयोध्या जाने की घोषणा कर दी. दबाव में कांग्रेस को फिर बैकफुट पर आना पड़ा - और समारोह से पहले ही एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला हुआ. यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे के साथ दीपेंद्र हुड्डा, सुप्रिया श्रीनेत जैसे नेता भी पहुंचे, और सरयू में स्नान ध्यान के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना भी की गई. जब 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस नेताओं के नहीं आने के बारे में मीडिया ने पूछा तो अजय राय का कहना था, %क्या भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित नहीं है? हम मकर संक्रांति के ज्यादा शुभ दिन पर भगवान को सम्मान देने आये हैं.

## टक्कर से दंपति घायल

**इन्दौर ।** राजमोहल्ला चौराहे पर एक्टिवा सवार अभय पिता हेमंत सिसोदिया निवासी महेश यादवनंद नगर और पत्नी संगीता को लोडिंग रिक्शा में टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## दामाद को पीटा

**इन्दौर ।** शुभम पिता विष्णु प्रजापत निवासी वृंदावन कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि वह भागीरथपुरा में पत्नी को लेने गया तो ससुर रामपाल ने उसके साथ मारपीट की और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## युवक को चाकू मारा

**इन्दौर ।** दिनेश पिता सुनील परमार निवासी बड़ी बमोरी को पैसे के लेनदेन की बात को लेकर गोपाल पिता निरंजन यादव ने चाकू मार दिया जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## गांजा सहित दो बंदी

**इन्दौर ।** जूनी इंदौर पुलिस न चेकिंग अभियान के दौरान दिलीप पिता मोहनलाल मालवीय और जितेंद्र पिता कृष्ण कुमार राठौर को पकड़ा इनके पास से 830 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## कार के कांच फोड़े

**इन्दौर ।** महेश पिता रामगोपाल सोनी निवासी संत नगर तेजाजी नगर कि घर के बाहर खड़ी कार के कच दे रात अज्ञात बदमाशों ने फोड़ दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज क्या है।

## झगड़ा करते पांच बंदी

**इन्दौर ।** लसूडिया पुलिस ने स्कीम नंबर 74 में हंगामा करते हुए राजेश पिता सुनील मीणा गोपाल पिता राजेंद्र यादव भारत पिता सत्यनारायण जाट और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ धारा 160 के तहत केस दर्ज किया है।

## दो नाबालिक लापता

**इन्दौर ।** राजनगर में रहने वाले केदार सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की उसके 15 वर्षीय बेटे को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया। इसी प्रकार बजरंग नगर काकड़ में रहने वाले किशोरी परिजन को बिना बताए घर से कहीं चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अपहरण का केस दर्ज किया।

## गांजा पीते चार बंदी

**इन्दौर ।** सदर बाजार पुलिस ने गांजा पीते हुए अशोक पिता बसंत चौहान भारत विकास सुरेश यादव नरेंद्र पिता बाबूलाल वर्मा और गोविंद पिता राजेंद्र साहू को पकड़ा। इनके पास से गांजे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## महिला को धमकाया

**इन्दौर ।** संगीता पति प्रकाश कौशल निवासी स्कीम नंबर 94 के घर में घुसकर अजय पिता राम प्रसाद पाल ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दजी किया।

## परिजनों ने पकड़ा चोर

**इन्दौर ।** स्कीम नंबर 114 में रहने वाले प्रशांत पिता विजय शंकर मेहता के घर में चोरी करने की नीयत से घुसे शुभम पिता उमाकांत चौहान को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## महिला की संदिग्ध मौत

**इन्दौर ।** कौशल्यापति शिव शंकर भारद्वाज 50 साल निवासी सिमरोल को परिजन बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के करण का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## छात्र का लैपटॉप चुराया

**इन्दौर ।** प्रियंका पिता आशुतोष शुक्ला ने पुलिस को बताया कि वह भंवर कुंवारी स्थित हॉस्टल में रहती है उसके कक्ष से अज्ञात व्यक्ति लैपटॉप चुराकर ले गया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

## देवर ने की छेड़छाड़

मुसाखेड़ी में रहने वाली महिला की शिकायत पर देवर राजू पिता बद्री लाल सोलंकी के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह घर में अकेली थी तभी देवर ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

## शराबी ने सिर फोड़ा

**इन्दौर ।** पवन पिता नंदकिशोर निवासी महू नाका ने पुलिस को बताया कि वह शराब की बोतल लेने गया तो अशोक वर्मा ने शराब पीने के लिए 200 रुपए मांगे नहीं दिए तो उसके सिर पर बोतल मार दी और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### ट्रैफिक में नंबर वन आने की जीत

# इंदौर के दोनों मुख्य मार्ग वन वे से सभी वर्ग हलकान

## गलियों में यातायात बढ़ने से दुर्घटनाएं बढ़ने का खतरा

**इंदौर** 12 जनवरी स्वच्छता के मामले में इंदौर सातवीं बार नंबर 1 का किताब जीत गया है। वही इंदौर इंदौर का बिगड़ा ट्रैफिक देश में नंबर एक की श्रेणी में माना जाता है हर बार ट्रैफिक को सुधारने के लिए नए-नए प्रयोग किए जाते हैं जो अमूमन असफल साबित होते हैं। ऐसा ही एक और प्रयोग 8 जनवरी से इंदौर के दो मुख्य मार्ग जवाहर मार्ग और एमजी रोड को वन वे कर दिया गया। इस दोनों मार्गों पर लाखों वहां आवागमन करते हैं। वन वे किए जाने से सभी वर्ग के लोग हलकान है। इस मामले में दैनिक दोपहर के संवाददाता ने स्थिति का जायजा लिया और सभी वर्गों से रूबरू चर्चा की तो सभी ने एकमत से प्रशासन के इस निर्णय की कड़े शब्दों में आलोचना की है।

उल्लेखनीय है कि इंदौर की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए अब तक कई अधिकारियों ने प्रयास किया मगर दूर दृष्टि नहीं होने के कारण उनके सारे प्रयास विफल साबित हुए। जब भी पुलिस या प्रशासन क्षेत्र में कोई अफसर इंदौर आता है तो वह सबसे पहले ट्रैफिक सुधारने की पहल करता है मगर उन्हें सफलता नहीं मिल पाती।

नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने मिलकर 8 जनवरी से जवाहर मार्ग और एमजी रोड को वन वे कर दिया जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना प्रतिदिन करना पड़ रहा है। इन दोनों मार्गों से लाखों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। वनवे के चलते सभी वर्ग के लोग हलकान है मगर उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।

### व्यापार हो गया चौपट

जवाहर मार्ग के नंदलालपुरा चौराहे पर 20 वर्षों से टेंट का व्यवसाय करने वाले हरीश चोपड़ा ने पुलिस और नगर निगम द्वारा किए गए इस प्रयास की कड़े शब्दों में आलोचना की है उनका कहना है कि वनवे के चलते व्यापार चौपट हो गया है। ऐसा ही मुंबई बाजार के इमरान खान, मल्हारगंज के मनोज कोठारी ने भी वनवे किए जाने की आलोचना करते हुए कहां की इस निर्णय से चार दिन में हमारा व्यवसाय पूरी तरह से खत्म हो गया है इस निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए।

### वनवे से गलियों में ट्रैफिक बड़ा

राजमोला से नंदलालपुरा चौराहे तक आने के लिए दो पहिया वाहन चालक गलियों का सहारा लेते हुए गंतव्य की ओर पहुंचते हैं जिसके कारण गलियों में ट्रैफिक का भार बढ़ गया है और इन स्थानों पर दुर्घटनाएं बढ़ाने की संभावनाएं बढ़ गई है। कमोवेश ऐसी ही स्थिति चिमन बाग चौराहे से डिस्ट्रिक्ट कोर्ट जाने के लिए ऊषा पाठक से काची मोहल्ला होते हुए दो पहिया वाहन पहुंचते हैं जहां कई देर तक वाहन चालक फंसे रहते हैं यहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहता है जिसके कारण हर वक्त विवाद की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण समय पर लोग गंतव्य की ओर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### लोक परिवहन हुआ महंगा

इंदौर के दोनों मार्ग वन वे किए जाते ही शहर में चलने वाले ऑटो रिक्शा ई रिक्शा वहां के चालकों ने किराया भी बढ़ा दिया है। इन वाहनों में यात्रा करने वालों को 2 से 3 गुना पैसा ज्यादा देना पड़ रहा है और वह भी समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### गलियों में अब नहीं खेल पाए बच्चे

वन वे किए जाने वाले दोनों मार्गों में आने वाली गलियों में पहले बच्चे खुले रूप से खेल पाए थे मगर अब वह नहीं खेल पाते हैं। क्योंकि गलियों में वाहनों की कटारे लगी हुई रहती है। दोपहर संवाददाता को लोगों ने बताया कि यह तुगलक की निर्णय तत्काल वापस लिया जाए।

### जिम्मेदारों का यह कहना है

यातायात के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनीष अग्रवाल से इस संवाददाता ने सभी वर्गों को हो रही परेशानियों के मामले में सीधा पूछ तो उन्होंने कहा कि अच्छा प्रयास किया गया है तो थोड़ी हो तो परेशानी होगी। गलियों में ट्रैफिक बढ़ गया है पुलिस के जवान नहीं रहते हैं तो उन्होंने कहा कि मैं प्रमुख गलियों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगवाऊंगा ताकि वाहनों का चक्का जाम नहीं हो सके और लोगों को परेशानियों से मुक्ति मिल सके।

## सब्जी व्यापारी को चाकू दिखाकर लूट लिया, केस दर्ज

**इंदौर 15 जनवरी द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने सब्जी व्यापारी को चाकू की नोक पर लूट लिया और फरार हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अजय पिता राम नरेश तिवारी निवासी प्रजापत नगर के साथ घटना हुई। अजय के मुताबिक रविवार शाम 7-20 बजे वह सब्जी का थैला लेकर फूटी कोठी चौराहा जा रहा था तभी प्रजापत नगर स्थित रामद्वारा के पास पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आए। एक ने पेट में चाकू लगाया और दूसरे ने उसकी पेंट की जेब में रखें 7000 रुपए और मोबाइल फोन छीन कर दोनों भाग गए। द्वारकापुरी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी सुनील पिता रतनलाल राठौर 45 साल निवासी मांग लिया ने पुलिस को बताया कि रविवार रात्रि 10-20 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे घर के कुछ ही दूरी पर रोका और चाकू दिखाकर 2584 रुपए नकदी और मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ के केस दर्ज किया है।

### भीषण आग में 12 कार जल गई

# दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

इंदौर 15 जनवरी आज सुबह आईटी पार्क चौराहे के पास एक गेराज में भीषण आग लग गई जिसमें एक दर्जन कार जल कर राख हो गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम से सुबह 4 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक संतोष दुबे के नेतृत्व में आधा दर्जन दमकल कर्मी आईटी पार्क चौराहा पिपलिया राव पहुंचे तो वहां गेराज ध धू कर जल रहा था। दुबे के आग की लपटे दूर से ही दिखाई दे रही थी। दमकल कर्मियों ने चारों ओर से पानी की बौछारें कर लगभग 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया तब तक गेराज में रखी एक दर्जन से अधिक कार जल गई। गैरेज विशाल पिता मनोहर लाल गुप्ता का बताया जाता है। खबर लेकर जाने तक यहां स्पष्ट नहीं हो सका कि आग कैसे लगी है। आग बुझाने में लगभग 25000 लीटर पानी का उपयोग किया गया। इसी प्रकार रविवार रात्रि 2 बजे सांवेर रोड स्थित एक दुकान में आग लग गई जिसे मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने काबू पाया। दुकान मालिक विजेंद्र पिता भागीरथ यादव के मुताबिक दुकान में रखा एक लाख से अधिक का किराने का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

# लव जिहाद के आरोपी को भेजा जेल

**इंदौर 15 जनवरी परदेसी पुरा थाना क्षेत्र में छात्र के साथ होटल में जबरदस्ती करने वाले वर्ग विशेष के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल गली परदेसी पुरा क्षेत्र में रहने वाली किशोरी ने पुलिस को बताया कि मोइन खान बहला फुसलाकर बिचोली मरदाना स्थित एक होटल में ले गया और धमकी देकर उसके साथ रेप किया और फिर उसका वीडियो बना लिया। पीड़िता ने यह बात परिजन को बताई। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे वहीं घटना की सूचना मिलती ही बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने तत्काल आरोपी मोइन खान को रेप सहित अन्य धाराओं में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# 12वीं फेल की कायल हुईं आलिया भट्ट, विक्रांत मैसी की एक्टिंग देख हुईं हैरान, कहा- मैं प्यार से भर गई हूं





**नई दिल्ली. विक्रांत मैसी, मेधा शंकर की फिल्म 12वीं फेल 2023 की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक बनकर उभरी है. हाल ही में ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से इसे और भी अधिक प्रशंसा मिल रही है. जिन बॉलीवुड हस्तियों ने दिल छू लेने वाली फिल्म देखी और अपने अपने सोशल हैंडल पर इसकी शानदार कहानी और कलाकारों, विशेष रूप से लीड एक्टर विक्रांत मैसी और मेधा शंकर के उम्दा एक्टिंग की प्रशंसा की. अब सितारों की एक्टिंग देख आलिया भट्ट भी कायल हो गई हैं. उन्होंने 12वीं फेल का रिव्यू करते हुए पोस्ट लिखा है.**

फिल्म देखने के बाद, आलिया ने फिल्म के निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा की तारीफें की. इसके साथ उन्होंने बताया है कि फिल्म देखने के बाद उन्होंने क्या महसूस किया. आलिया ने लगातार तीन पोस्ट शेयर किया है. उनके इस पोस्ट को देखने के बाद फैंस बेहद खुश हैं.


फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए आलिया ने लिखा, 'पिछले कुछ समय में मैं ये फिल्म देखी जो सबसे खूबसूरत फिल्मों में से एक! इतनी शानदार एक्टिंग के साथ.. बेहद खूबसूरत!!!' . इसके अलावा विक्रांत मैसी, मेधा शंकर और अनंत वी जोशी की टैलेंट की प्रशंसा करते हुए, आलिया ने लिखा, 'विक्रांत आप बहुत शानदार थे, मैं हैरान हूं! मेधाशंकर मनोज की यात्रा का दिल और आत्मा.. बहुत खास और ताज़ा और सभी चीजें दिल को छू लेने वाली! अनंत भी उम्दा लगे!' आगे पोस्ट में आलिया ने विधु विनोद चोपड़ा की सराहना करते हुए लिखा है, 'और अंत में विधु विनोद चोपड़ा सर ङ्क यह फिल्म वास्तव में सटीक बैठती है! तो चल रहा है. बहुत प्रेरणादायक. इतना पूर्ण! इस फिल्म को देखने के बाद मैं प्यार से भर गई हूं.' अपनी पोस्ट के अंत में आलिया ने सभी को बधाई दी है.



## नितेश तिवारी की रामायण में कुंभकरण बनेंगे बॉबी देओल? अभिनेता की टीम ने उठाया सच से पर्दा

बॉबी देओल एनिमल की सफलता से नई बुलंदियों को छू रहे हैं हैं। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर की यह फिल्म साल 2023 की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। फिल्म में खतरनाक खलनायक अबरार हक की भूमिका निभाने वाले बॉबी एक बार फिर नए रोल करने के लिए तैयार हैं। वहीं, पिछले कुछ दिनों से खबर आ रही थी कि बॉबी देओल नितेश तिवारी की रामायण का भी हिस्सा होंगे। हालांकि, अभी तक यह तय नहीं है कि नितेश तिवारी रामायण पर आधारित कोई फिल्म बनाने वाले हैं।

हाल ही में अफवाहें थीं कि बॉबी देओल नितेश तिवारी निर्देशित रामायण का हिस्सा होंगे । हालांकि, अभिनेता की टीम ने पुष्टि कर बताया कि यह रिपोर्ट्स झूठी हैं। बॉबी की टीम के एक प्रवक्ता ने बताया है कि बॉबी रामायण का हिस्सा नहीं हैं। वे फिलहाल सूर्या अभिनीत अपनी अगली फिल्म कांगुवा में व्यस्त हैं।



# सुमित नागल ने आस्ट्रेलियन ओपन में रचा इतिहास, 35 साल में पहली बार हुआ ऐसा

**भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले ही दौर में धमाकेदार प्रदर्शन किया है. उन्होंने टूर्नामेंट में 31वीं सीड अलेक्जेंडर बुब्लिक को हरा दिया. नागल शुरुआत से दो सेटों में आगे चल रहे थे, लेकिन तीसरे दौर में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और बुब्लिक को मात दी. सुमित नागल ने यह मैच 6-4, 6-2, 7-6 (5) से जीता.**

35 साल में यह पहली बार है कि किसी भारतीय पुरुष टेनिस खिलाड़ी ने सिंगल्स ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया है. सुमित नागल की एटीपी रैंकिंग 137 है. सुमित नागल गुरुवार को दूसरे दौर में 18 साल के चीन के उभरते खिलाड़ी शांग जुनचेंग से भिड़ेंगे इसके साथ ही सुमित नागल ने 1989 के बाद पहली बार ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने सिंगल्स ड्रॉ में किसी सीडेड खिलाड़ी को हराया हो. इससे पहले रमेश कृष्णन ने ऐसा किया था.

सुमित नागल ने बुब्लिक को सीधे सेटों में हराकर अपने करियर में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया. क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले 26 साल के नागल ने वर्ल्ड नंबर 27 बुब्लिक को दो घंटे 38 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में मात दी.


# खुशखबरी! ICC ने इस भारतीय प्लेयर को दिया बड़ा अवॉर्ड, ऑस्ट्रेलिया को चरवाया था मजा



**आईसीसी ने दिसंबर महीने के अवॉर्ड्स का ऐलान कर दिया है. दीप्ति शर्मा को वुमेन प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ के अवॉर्ड से नवाज़ा गया है.**

साल 2024 का पहला महीना बीतने को है, भारतीय क्रिकेट की महिला और पुरुष टीम दोनों ही पहले महीने से एक्शन में हैं. टीम इंडिया एक तरफ अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज़ खेल रही है, तो वहीं महिला टीम की हाल ही में एक सीरीज़ खत्म हुई है. इस बीच आईसीसी की ओर से महिला टीम की प्लेयर दीप्ति शर्मा को बड़ा सम्मान दिया गया है.आईसीसी ने दरअसल हाल ही में दिसंबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान किया है. इसमें महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा को वुमेन प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया है. इस कंपटीशन में उन्होंने अपनी ही टीम की जेमिमा रोड्रिगेज़ और प्रीशियस मरांज को मात दी है.

दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में कमाल का प्रदर्शन किया, साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई वनडे सीरीज़ में वो टीम के लिए स्टार साबित हुई. पिछले दो टेस्ट मैच में दीप्ति शर्मा ने 165 रन बनाए हैं, जबकि उन्होंने बॉलिंग में 11 विकेट भी झटके हैं. यानी दिसंबर में उन्होंने टीम इंडिया के लिए स्टार साबित हुई हैं.अगर दीप्ति शर्मा के रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने टीम इंडिया के लिए 86 मैच में करीब 2000 रन बनाए हैं, साथ ही 100 विकेट भी लिए हैं. इसके अलावा उन्होंने 104 टी-20 मैच में 1 हजार से ज्यादा रन और 113 विकेट दीप्ति शर्मा के नाम हैं. दीप्ति ने भारत के लिए साल 2014 में डेब्यू किया था.



## पैट कमिंस को भी मिला सम्मान

अगर पुरुष वर्ग में इस अवॉर्ड की बात करें तो आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को प्लेयर ऑफ द मंथ बनाया है. पैट कमिंस ने हाल ही में खत्म हुई पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ में दमदार प्रदर्शन किया था. पैट कमिंस ने इस रेस में बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलीप्स को मात दी है. पैट कमिंस के लिए साल 2023 काफी बेहतरीन रहा, उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट चैम्पियनशिप, वनडे वर्ल्ड कप 2023 अपने नाम किया और अब उन्हें ये अवॉर्ड भी मिल गया है.






# अयोध्या में 22 जनवरी को पूरा होगा दशकों का इंतजार

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, यह ऐतिहासिक मौका है, जिसका इंतजार देश की करोड़ों जनता कई दशक से कर रही थी। विश्व हिंदू परिषद ने 1989 में राम मंदिर आंदोलन की शुरुआत की थी। इसके बाद राम मंदिर देश की राजनीति का हिस्सा बन गया। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद ध्वस्त होने के बाद राम मंदिर का मामला अदालत में पहुंचा। 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। सूर्यवंशी राजा राम की नगरी अयोध्?या में जगह-जगह सूर्यस्?तंभ लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में कांस्?य की बनी विशाल जटायु प्रतिमा भी लगाई गई है। मर्यादा पुरुषोत्?तम श्रीराम एयरपोर्ट रोशनी से जगमगाने लगा है। सबसे पहले यहां से दिल्?ली और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट सेवा शुरू करने की तैयार है। हाईटेक अयोध्?या रेलवे स्?टेशन देखते ही बन रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्?ठा के बाद पूरे देश से श्रद्धालुओं का आना बढ़ जाएगा, इसलिए जगह जगह मल्?टीलेवल पार्किंग भी बन रही हैं। यहां इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की सुविधा भी रहेगी। एयरपोर्ट के अलावा अयोध्या में भक्ति पथ, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्म पथ आदि का लोकार्पण भी होना है। रामलला की प्राण प्रतिष्?ठा समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है। कंबोडिया से सुगंधित हल्?दी आई है। इसके अलावा जोधपुर से 600 किलोग्राम गाय का घी और जनकपुर से मिथिला आर्ट पेंटिंग भेजा गया है। इस पेंटिंग में माता सीता के धरती की गोद से जन्?म से लेकर उनका प्रभु राम से विवाह तक के प्रसंगों को दर्शाया गया है।

## अयोध्या राम मंदिर से जुड़ी कुछ खास बातें

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

इस भव्य समारोह में देश भर के 7000 से ज्यादा विशिष्ट मेहमान शामिल होंगे

रामलला की मूर्ति कर्नाटक और राजस्थान के पत्थरों से बनी है

अयोध्या राम मंदिर के निर्माण में करीब 900 करोड़ का खर्च आया है

दरवाजे और खिड़कियों की लकड़ियां महाराष्ट्र के बल्लाल शाह से लाई गई हैं

दरवाजों और खिड़कियों पर नक्काशी हैदराबाद के मजदूरों ने किया

देश भर की पवित्र नदियों और कुडों से लाए जल से होगा रामलला का अभिषेक

वर्ष 2025 में पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा भव्य राम मंदिर

9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर के पक्ष में फैसला दिया था

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है

मंदिर परिसर में 44 फीट लंबाई और 500 किलोग्राम का ध्वज दंड भी लगेगा

## अयोध्या राम मंदिर से जुड़े सवालों के जवाब

### राम मंदिर अयोध्या रेलवे स्टेशन से कितनी दूरी पर है?

यदि आप ट्रेन से अयोध्या पहुंच रहे हैं तो रेलवे स्टेशन से मात्र पांच किलोमीटर का सफर तय कर राम मंदिर पहुंच जाएंगे। यहां पहुंचने के लिए कई साधन मिल जाएंगे। इसके अलावा लखनऊ, दिल्ली समेत अनेक प्रमुख शहरों से सीधी बस सेवा के जरिये भी अयोध्या पहुंचा जा सकता है।

### हवाई मार्ग से कैसे पहुंचे अयोध्या?

अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी एयरपोर्ट है। राम मंदिर और एयरपोर्ट के बीच करीब 10 किलोमीटर की दूरी है। इंडिगो की तरफ से यहां उड़ान सेवा शुरू की जा रही है। फिलहाल दिल्ली और अहमदाबाद से अयोध्या के लिए फ्लाइट मिलेगी। आप पड़ोसी शहरों लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरकर बस और ट्रेन के जरिये भी अयोध्या पहुंच सकते हैं।

### राम मंदिर में दर्शन कैसे करें?

मंदिर में रामलला के दर्शन 30 फुट की दूरी से हो सकेंगे। श्रद्धालु पूरब दिशा से दर्शन के लिए प्रवेश करेंगे। सिंह द्वार से आगे बढ़ते ही वे रामलला के सामने होंगे। रामलला का दर्शन कर वह बाएं घूमेंगे। उसके बाद आगे पीएफसी भवन से सामान लेकर बाहर निकल जाएंगे। लेकिन कुबेर टीला जाने के लिए उनके पास अनुमति पत्र होना चाहिए।

राम मंदिर में प्रसाद कहां से मिलेगा?

श्रद्धालुओं को दर्शन स्?थल पर प्रसाद नहीं मिल पाएगा। उन्?हें रामलला का दर्शन करने के बाद लौटते समय दर्शन मार्ग के पास परकोटा से प्रसाद मिलेगा।

### राम मंदिर के अलावा किन प्रमुख मंदिरों में दर्शन के लिए जाया जा सकता है?

आप हनुमानगढ़ी मंदिर, नागेश्वरनाथ मंदिर, कनक भवन, राम की पैड़ी, गुप्तार घाट और रामकोट भी दर्शन और घूमने के लिए जा सकते हैं। हनुमानगढ़ी महाबली हनुमान का विख्यात मंदिर है जो 10वीं शताब्दी में बनाया गया। धार्मिक मान्यता है कि यहां भगवान हनुमान का वास है और वह अयोध्या की रक्षा करते हैं।

### अयोध्या में खरीदने के लिए क्या प्रसिद्ध है?

एक तीर्थनगरी होने के नाते अयोध्या में लकड़ी और संगमरमर से बनी भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की मूर्तियां सबसे ज्यादा खरीदी जाती हैं। इसके अलावा धार्मिक चिह्नों वाली टीशर्ट, चाबी की चेन और राम मंदिर के पोस्टर भी खरीद सकते हैं।

### रामलला के भोग के लिए आगरा से 56 किस्म के पेठे भेजे गए, 560 किलो पंछी पेठा अयोध्या पहुंचा



मुख्यमंत्री योगी की जनसहभागिता की अपील पर समाज का प्रत्येक तबका अपने सामर्थ्य के अनुसार रामलला के लिए उपहार भेज रहा है। इसी कड़ी में आगरा का मशहूर पंछी पेठा भी अयोध्या पहुंच चुका है।

# प्रदेश के सभी जिलों को एयर एंबुलेंस सुविधा दिलाने के लिए होगी पहल

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर-बैंगलोर उड़ान के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्च्युअली जुड़े

## संक्रांति पर्व पर प्रदेश को मिली नई सौगात

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयास यह है कि प्रत्येक जिले से एयर एंबुलेंस का संचालन हो, जिससे गंभीर रोगियों को अच्छे चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए हवाई सुविधा का लाभ प्राप्त हो। हवाई सेवाओं से पर्यटन, व्यापार-वाणिज्य की गतिविधियों और अन्य समस्त आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि संभव होती है। इस दिशा में केन्द्र सरकार के प्रयासों के साथ राज्य सरकार भी अधिकतम प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना जिले के चित्रकूट में श्रीराम वनगमन पथ संबंधी बैठक से ग्वालियर से बैंगलोर और ग्वालियर से दिल्ली और अयोध्या के बीच नई हवाई सेवाओं के शुभारंभ कार्यक्रम से आज वुर्चअली जुड़े।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि नई विमान सेवाओं से ग्वालियर अंचल के साथ ही प्रदेशवासी उत्तर और दक्षिण भारत से एयर कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के ग्वालियर, स्व. माधवराव सिंधिया की भूमि ग्वालियर और वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के कर्म क्षेत्र के निवासियों को मकर संक्रांति पर्व पर नई सौगात प्राप्त हो रही है। ग्वालियर में 500 करोड़ रूपए की लागत से विमानतल के उन्नयन की पहल ऐतिहासिक है। यह कारवां चलता रहेगा। प्रदेश की विभिन्न हवाई पट्टियों के उन्नयन का कार्य भी हो रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मध्यप्रदेश को निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर भारत में प्राचीन काल में पुष्पक विमान के प्रयोग का स्मरण करते हुए भगवान श्रीराम का भी उल्लेख किया, जिन्होंने उत्तर से दक्षिण की यात्रा की। भगवान श्रीकृष्ण ने पूर्व से पश्चिम की यात्रा की। इसमें पूरा देश समाहित हो जाता है। इन महापुरूषों ने भारतीय संस्कृति का परचम लहराया। आज मध्यप्रदेश का ग्वालियर, हवाई मार्ग से अयोध्या से जुड़ा है, यह किसी अलौकिक दृश्य के समान है।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सकारात्मक सोच का संगम है नई उड़ानें - श्री सिंधिया

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि त्यौहारों की बेला में नई हवाई सेवाओं को प्रारंभ करने का शुभ कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मध्यप्रदेश और ग्वालियर भी बदल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी ग्वालियर के विकास के लिए प्रयासरत हैं। ग्वालियर व्यापार मेले में इस वर्ष की गतिविधियों के अवलोकन के लिए आए थे। आज प्रारंभ हुई ये उड़ानें व्यवसाय-वाणिज्य और पर्यटन में वृद्धि कर अर्थव्यवस्था को नई शक्ति प्रदान करेंगी। भारत की आध्यात्मिक और आर्थिक शक्ति का संगम हो रहा है। इससे हमारा देश विश्व पटल पर उभर कर आएगा। ग्वालियर से नई विमान सेवाओं के प्रारंभ होने से यात्री दक्षिण भारत और आई.टी. की राजधानी तक और केन्द्रीय राजधानी के साथ ही रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या तक पहुंच सकेंगे।



केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि नई हवाई सेवाएं प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सकारात्मक सोच का संगम है। ग्वालियर में विमानतल को आधुनिकतम स्वरूप देने के साथ ही प्राचीन संस्कृति और इतिहास की झलक प्रस्तुत करने का कार्य भी हुआ है। प्रधानमंत्री जी अधोसंरचना के विकास पर जोर देते हैं। लगभग सवा वर्ष की अवधि में ग्वालियर विमानतल से जुड़े कार्य सम्पन्न हो रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इंदौर से यूएई, शारजाह के लिए हवाई सेवाओं और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की भी विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम को ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी संबोधित किया। विमान सेवाओं के शुभारंभ अवसर पर अन्य अनेक जनप्रतिनिधि भी देश और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से वर्चुअली शामिल हुए।



# बिना आत्मसाक्षात्कार विश्व परिवर्तन संभव नहीं



आपका परिवार राजवंश शालीवाहन होने के साथ-साथ अत्यंत पावन धर्मपरायण ईमानदार सत्यनिष्ठा था तथा अत्यंत उदार व अन्य धर्मों का सम्मान करने वाला भी आपके माता-पिता प्रथम श्रेणी के स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्य दांव पर लगा दिया था ।

शैशव काल से ही श्री माताजी अत्यंत जिंदादिल थी जो भी उन्हें बुलाता उसके पास चली जाती, सभी पशु पक्षीयों से उनकी मित्रता थीद्ध। बचपन में खाली वक्त में वे अकेली ध्यानस्थ बैठकर यहाँ चिंतन किया करती थी कि सामूहिक कुंडलिनी जागृत द्वारा किस प्रकार से वह संसार के लोगों को अपनी समस्याओं से मुक्ति दिलवा सकती हैं, बचपन से ही गरीबों व असहायों के प्रति वे अत्यंत सुह्रद एवं करूणामय थी ।

भूमि का स्पर्श हो इसीलिए वे पाठशाला जाते समय चप्पल नहीं पहनती थी। छुट्टी के समय भी श्री निर्मला देवी महात्मा गांधी के आश्रम में जाती थी। महात्मा जी उन्हें नेपाली    संबोधित करते थे। आश्रम के सभी कार्यों में उनका सहभाग था और उनकी भावपूर्ण उपस्थिति महात्मा जी को भी अनजाने में प्रेरणा देती थी। निर्मला देवी जी ने महात्मा गांधी जी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी होकर कार्य किया ।

सन् 1942 के स्वतंत्रता लड़ाई में विद्यार्थियों की क्रांति में अग्रणी होने के कारण अनेक बार उन्हें कारावास में जाना पड़ा। 5 मई 1970 में उन्होंने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए सहस्त्रार खोला व उस विधि को खोजा जिसके द्वारा हजारों में एक साथ कुंडलिनी ,, हमारे अंदर स्थित परमात्मा की सूक्त शक्ति का ,,जागरण संभव हुआ यह कार्य सृष्टि में प्रथम बार हो रहा है । अपने अथक प्रयासों से श्री माताजी विश्व के अनेक देशों में हजारों की कुंडलिनी जागृत कर आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर रही हैं। वे कहती हैं,, बिना आत्मसाक्षात्कार दिए विश्व परिवर्तन संभव नहीं है । यह कार्य में अपने स्वभाव से प्रेमवस कर रही हूं अतः आपको इसके लिए कुछ देना नहीं है । आप अपने अंदर स्थित परमात्मा की शक्ति को जागृत कर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त करें। आत्मसाक्षात्कार पाना मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है ,जिसे देने के लिए मैं आई हूं ।,,




# वनगमन पथ के लिए श्रीरामोत्सव यात्रा ने इंदौर से किया प्रस्थान, 14 फरवरी को पहुंचेगी अयोध्या

## रविवार को पितृ पर्वत से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पूजा करने के बाद भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया

**इंदौर। रामेश्वरम से अयोध्या जाने वाली इंफ्लूएंसर्स की श्री रामोत्सव यात्रा रविवार को इंदौर से प्रस्थान कर गई। पितृ पर्वत पर रविवार सुबह इंटरनेट मीडिया इंफ्लुएंसर इकत्रित हुए और हनुमानजी की आराधना की। यह यात्रा पांच राज्यों से होकर करीब 4500 किमी का सफर तय करेगी। इंफ्लूएंसर्स वानर सेना के रूप में यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा एक महीने बाद 14 फरवरी को अयोध्या पहुंचेगी। रामेश्वरम से निकलने के बाद यह यात्रा तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों से गुजरती हुई अयोध्या पहुंचेगी।**

रविवार को पितृ पर्वत से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पूजा करने के बाद भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। वहीं इंफ्लूएंसर्स ने चलत विमान कोलाहल होई, जय रघुवीर कहई सब कोई चौपाई के साथ करीब 17 वाहनों लेकर श्रीरामोत्सव यात्रा निकाली। रविवार देर रात तक यात्रा महाराष्ट्र में पहुंच गई।

पहली बार ऐसा मौका है कि इतने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर इतनी बड़ी मात्रा में यात्रा निकाल रहे हैं। सभी को जैकेट के साथ किट वितरण की। यात्रा में पहले आगे श्रीराम का रथ चलेगा। अयोध्या तक पूरी यात्रा भगवान राम के वनगमन पथ मार्ग पर ही चलेगी। 17 की शाम को रामेश्वम पहुंचेंगे। हर दिन यात्रा का शुभारंभ हनुमान चालीसा का पाठ और ध्वज वंदन के साथ होगा। रात में जहां विश्राम करेंगे, वहां प्रभु राम से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यह यात्रा करीब एक महीने बाद अयोध्या में पहुंचेगी।

### कंटेंट बनाकर इंटरनेट मीडिया पर करेंगे प्रसारित

यात्रा में भगवान राम से जुड़ीं जगहों को इंफ्लुएंसर्स को बताया जाएगा और वह सोशल मीडिया पर इसका व्यापक प्रसार करेंगे। यात्रा में शामिल सभी इंटरनेट मीडिया इंफ्लूएंसर्स की करीब 30 करोड़ लोगों तक पहुंच है। यह सभी श्रीराम से संबंधित स्थानों को आनलाइन देखेंगे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान राम ने जहां-जहां समय व्यतीत किया है, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर उस पर कंटेंट बनाएंगे और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करेंगे।

### एडवेंचर लाइफ आफ श्री राम विषय पर बनेंगे कंटेंट

समुद्र पर पुल की आधारशिला कहां से रखी, राजा दशरथ के श्राद्ध कहां किए, समुद्र की चेतावनी कौन से स्थान से दी, भरत कहां मिले, समुद्र के बीच में कहां पीने योग्य मीठा पानी है समेत कई स्थानों को एक्सप्लोर किया जाएगा। इन जगहों पर सभी कंटेंट एडवेंचर लाइफ आफ श्री राम विषय पर बनाए जाएंगे। यात्रा में संयम जैन, जिग्नेश सोनी और इंफ्ल्युएंसर्स में चेतन यादव, शिव मीना, अनुराग ठाकुर, मनी वैष्णव, कनक व्यास, श्रृष्टि रघुवंशी समेत कई शामिल हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )